बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-96
29/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में कैमूर जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 29 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में कैमूर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में कैमूर समाहरणालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में कैमूर जिले के विधायकगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी कैमूर श्री नवदीप शुक्ला ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जाने वाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग व अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी सहित अन्य योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

बैठक में शामिल विधायकों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नई बसावटों में हर घर तक पक्की गली और नाली निर्माण का काम शीघ्र पूरा करायें। किये गये विकास कार्यों को मेंटेन रखें ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। हमलोगों ने वर्ष 2016 में कुशल युवा कार्यक्रम लागू किया था, इस पर विशेष ध्यान दें। जो पढ़ना नहीं चाहते हैं उन्हें कुशल युवा कार्यक्रम के माध्यम से 3 प्रकार का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंचायें। वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति उद्यमी योजना और वर्ष 2020 के 24 जनवरी को जननायक कर्पुरी ठाकुर जी की जयंती के अवसर पर अति पिछड़ों के लिये उद्यमी योजना की शुरुआत की गई। इसके तहत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अति पिछड़ा वर्ग के लोगों जिनकी उद्यमिता में रुचि रहती है, उन्हें 5 लाख रुपये का अनुदान और 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण, कुल 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। वर्ष 2021 में इसी तर्ज पर सभी धर्म, जाति

से जुड़ी महिलाओं के लिये महिला उद्यमी योजना लागू की गई। इसके बाद अपर कास्ट एवं बैकवर्ड कास्ट सभी लोगों के लिये भी योजना लागू की गई, जिसके तहत 5 लाख रुपये का अनुदान और मात्र 1 प्रतिशत के ब्याज दर पर 5 लाख रुपये का ऋण दिया जाता है। इस पर गंभीरता से ध्यान दें ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना के तहत संचालित छात्रावासों में रहकर अध्ययन करने वाले छात्रों को अनुदान योजना का लाभ मुहैया करायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से अधिक से अधिक महिलायें जुड़े, इस पर विशेष ध्यान दें। जन्म के समय बच्चे–बच्चियों का आधार पंजीकरण सुनिश्चित करायें। उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में तेजी लायें, इसमें विलंब न करें।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी कैमूर श्री नवदीप शुक्ला ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

समीक्षा बैठक से पहले कैमूर समाहरणालय परिसर में मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को बैट्री चलित ट्राई साईकिल की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह अनुदान योजना का चेक मुख्यमंत्री ने लाभुकों को प्रदान किया। सिलाई इकाई, मधुमक्खी उत्पादक समूह, स्वास्थ्य एवं पोषण उद्यम के लाभार्थी जीविका दीदियों को मुख्यमंत्री ने 79 लाख 36 हजार 400 रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

समीक्षा बैठक में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, श्रम संसाधन मंत्री सह कैमूर जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुरेंद्र राम, विधायक श्रीमती संगीता कुमारी, विधायक श्री भरत बिंद, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, पुलिस उप महानिरीक्षक रोहतास प्रक्षेत्र श्री नवीन चंद्र झा, जिलाधिकारी कैमूर श्री नवदीप शुक्ला, पुलिस अधीक्षक कैमूर श्री ललित मोहन शर्मा सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******